
हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर

# कोरबा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार 15 जून 2024

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस पर विशेष...

























हरिभूमि 24वें स्थापना दिवस पर

# कोरबा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार 15 जून 2024

जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजा लेने आवेदन में देरी पर नौकरी की प्रक्रिया में होगा विलंब 8



## खबर संक्षेप

### आंबा, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर आवेदन 18 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 18 जून से आमंत्रित किया गया है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक कार्यालय के माध्यम से जमा कर सकते हैं। भर्ती के संबंध में नियम, शर्तें, आवेदन प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कोरबा ग्रामीण से संपर्क किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता हेतु ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा के आंगनबाड़ी केंद्र सोनगुढ़ा 2, ग्राम पंचायत बरीडीह के केंद्र बरीडीह 1 व मोहनपुर 2, ग्राम पंचायत बासीन के केंद्र बासीन 1, ग्राम पंचायत सोनपुरी के केंद्र सराईपाली तथा ग्राम पंचायत केरवां के केंद्र केरवां में भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार सहायिकाओं हेतु ग्राम पंचायत नकटीखार के आंगनबाड़ी बाड़ी केंद्र नकटीखार 1 व नकटीखार (मुड़ापारा), ग्राम पंचायत केराकछार के केंद्र बगझरीडांड, ग्राम पंचायत डोकरमना के चिराईझुंझ व झलरीमौहा तथा ग्राम पंचायत उरगा के केंद्र उरगा 1 में भर्ती की जाएगी।

### पाली थाना क्षेत्र के डूमरकछार के समीप हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार बाइक टकराई पेड़ से, तीन लोगों की मौत



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

### नशे में चूर थे तीनों युवक

पाली थाने में पदस्थ जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक धनंजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे में मृत तीनों युवक बालकृष्ण कोर्राम, कमलेश टेकाम व राजेश मरकाम शराब के नशे में धुत्त थे जिसके चलते उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और बाइक को संभाल नहीं पाए। जिसके चलते बाइक सीधे पेड़ से जा टकराई और तीनों की मौत हो गई। जिले में लगातार बढ़ते सड़क हादसे में ज्यादातर हादसे या तो रफ्तार की वजह से हो रहे हैं या फिर नशे की वजह से नशे में धुत्त रहने वाले लोग बाइक या अन्य मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हैं जिसके चलते हुए हादसे के शिकार हो रहे हैं और काल में गाल में समा जाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से जा टकराई। जिससे बाइक सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरकछार के पास घटित हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम धौंराभांठा गोकनाई निवासी बालकृष्ण कोर्राम 30 वर्ष पिता भागवत कोर्राम, कमलेश टेकाम 18 वर्ष पिता शंकर टेकाम व उसी गांव में निवास करने वाले राजेश मरकाम 20 वर्ष पिता लीलाराम मरकाम गुरुवार की सुबह काम पर गए हुए थे। जहां गुरुवार की शाम तीनों दोस्त काम पर से वापस लौटने के बाद अपने गांव पहुंचे थे। जहां घर पर कुछ देर रुकने के बाद तीनों अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 बी 9605 में सवार होकर घर से निकल गए थे। बताया जाता है कि तीनों मोटरसाइकिल में सवार होकर धौंराभाठा से रात्रि लगभग 9 बजे डूमरकछार की ओर जा रहे थे कि डूमरकछार से 2 सौ मीटर पहले उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सीधे गड्ढे में जा गिरी और मोटरसाइकिल पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल में सवार बालकृष्ण कोर्राम व राजेश मरकाम की मौके पर ही मौत हो गई जहां मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# ओपीडी में मरीजों के लिए परामर्श शुल्क में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया ने ओपीडी में मरीजों के लिए परामर्श शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। वर्तमान में कार्यरत कर्मियों के अतिरिक्त यह सीपीआरएमएसई और सीपीआरएमएस-एनई योजनाओं पर भी लागू होगा। इसका आदेश 10 जून को कोल इंडिया के जीएम राजेश वी नायर ने जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि निदेशक मंडल की 10 मई को आयोजित बैठक में ओपीडी में मरीजों के लिए परामर्श शुल्क में संशोधन की मंजूरी दी गई। संशोधित परामर्श शुल्क 12 सौ रुपये तक की प्रतिपूर्ति राशि मिलेगी। इसके तहत 12 सौ रुपये या वास्तविक परामर्श शुल्क में जो भी कम होगी, वह राशि मिलेगी। अब तक यह राशि 350 रुपये थी। परामर्श शुल्क रसीद जमा करने पर संशोधित राशि की प्रतिपूर्ति मेडिकल अटेंडेंस रूल्स (एमएआर) के तहत की जाएगी। वर्तमान में कार्यरत कर्मियों के अतिरिक्त यह संशोधन सीपीआरएमएसई और सीपीआरएमएस- एनई योजनाओं पर भी लागू होगा। इससे सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों के भीतर सभी स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं और नियमों में एकरूपता सुनिश्चित होगी। यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है। यह आदेश सभी संबंधितों को इसकी जानकारी और अनुपालन के लिए जारी किया गया है।

# अब प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आश्रितों को मिल सकती है नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी इकाइयों में कार्यरत लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। अनुकंपा के आधार पर अब केवल प्रत्यक्ष ही नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष आश्रितों को भी नौकरी मिल सकती है। कोल इंडिया का यह एक बड़ा निर्णय है।

### खास बात

- कोल इंडिया ने अनुकंपा नियुक्ति नियोजन की शर्तों पर किया बदलाव

आचार संहिता खत्म होते ही कर्मियों की सुविधा का पिटारा खुलने लगा है, लंबित संचिकाएं सरकने लगी है। कर्मी जिनकी प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अब उन्हें मिलने लगा है। कई महत्वपूर्ण निर्णय भी हाल के दिनों में लिए गए है। विशेष कर कोयला उद्योग में कई राहत दी गई है। प्रत्यक्ष आश्रितों में बेटा या कुंवारी बेटी, पत्नी, ट्रांसजेंडर बच्चा या गोद लिया बच्चा ही माना जाता था लेकिन अब इसमें परिवर्तन किया गया है। विवाहित पुत्री, विधवा बहू, दामाद को भी नौकरी मिल सकती है। पहले इन लोगों को अप्रत्यक्ष आश्रित माना जाता था और अनुकम्पा पर नौकरी देने का प्रावधान नहीं था। कोल इंडिया की ओर से जेबीसीसीआई-11 के लिए जारी निर्देश में यह बात कही गई है कि यदि प्रत्यक्ष आश्रित उपलब्ध नहीं है तो अप्रत्यक्ष आश्रित भाई-बहन, विधवा बहू, दामाद आदि, जो मृतक के साथ रहते थे और मृतक की आर्थिक कमाई पर निर्भर थे। उन्हें भी आश्रित माना जा सकता है। आश्रित की उम्र 18 वर्ष से कम और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पति-पत्नी के मामले में अधिकतम उम्र 45 वर्ष हो सकती है। अब कोल इंडिया ने अनुकंपा पर नियोजन देने के लिए आश्रितों का दायरा बढ़ा दिया है। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही कोयला कंपनी ने सुविधा का पिटारा खोल दिया है। ई7 से ई 8 ग्रेड के अधिकारियों का प्रमोशन होगा। इस सूची में कई कंपनियों के अधिकारी शामिल है। इसके अलावा कोल इंडिया में अधिकारियों की लाइफ कवर स्कीम में 31 हजार 250 रुपए की वृद्धि की गई है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। पहले लाइफ कवर स्कीम के तहत राशि सवा लाख थी। अब कोल इंडिया ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 56 हजार 250 कर दिया है। जारी आदेश में लिखा गया है कि जब-जब गैर अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि होगी, उस तिथि से अधिकारियों के लिए भी लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि की जाएगी।

# बीच बचाव करना युवक को पड़ा महंगा, फरसा से जानलेवा हमला, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो युवकों के बीच हो रहे वाद विवाद में एक युवक को बीच बचाव करना उस समय महंगा पड़ गया जब एक युवक ने उस पर फरसे से जानलेवा हमला कर दिया है। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवास करने वाले दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद हो रहा था। जहां वाद विवाद बढ़ता देख इस गांव में निवास करने वाले राम प्रसाद केंवट पिता लक्ष्मण प्रसाद केंवट मौके पर पहुंचा और समझाइश देने का प्रयास कर रहा था कि इसी बीच वाद विवाद कर रहे गोलू नामक युवक ने अपने पास रखे फरसे से सीधे राम प्रसाद केंवट पर जानलेवा हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। फरसे से हमले में रामप्रसाद केवट गंभीर रूप से घायल हो गया और गांव में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से राम प्रसाद को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।













# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं...










हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं...


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जोगेश लाम्बा
पूर्व महापौर-नगर पालिक निगम, कोरबा


हरिभूमि
स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई
पोषक दास महंत सांसद प्रतिनिधि


हरिभूमि स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नवीन कुमार सिंह (अधिवक्ता)
उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत, पाली


हरिभूमि स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतोष राठौर
अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर)
सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल
अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण)



हरिभूमि स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उप संचालक
पशु चिकित्सा विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
हाजी अखलाख खान अशरफी
अध्यक्ष- सुन्नी मुस्लिम जमात, कोरबा
उपाध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी, कोरबा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण का 24वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं...
प्रशांत मिश्रा
महासचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
सुरेश गुप्ता
सचिव- जिला कांग्रेस कमेटी

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं...





























कटघोरा क्षेत्र के हरिभूमि के समस्त सुधी पाठकों को हरिभूमि स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं....
संकलनकर्ता लायन अजय धनोंदिया
अध्यक्ष-पत्रकार संघ कटघोरा, माइक्रो केबिनेट चेयरपर्सन डिस्ट्रिक्ट 3233 सी.
जिला उपाध्यक्ष- चेम्बर ऑफ कामर्स कोरबा, संरक्षक -मारवाडी युवा मंच कटघोरा, संवाददाता - हरिभूमि कटघोरा, कोषाध्यक्ष - भाजपा मंडल कटघोरा,
मीडिया प्रभारी-अग्रवाल सभा कटघोरा, जिला महामंत्री-अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोरबा, सदस्य - छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन


श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मेला ग्राउंड तालाब के पास, कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)
उपलब्ध सुविधाएं
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
न्यू हाई-टेक
पैथोलेब
अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा खून एवं पेशाब जांच
24/7
लायन डॉ. गोपाल बन गोस्वामी
विनीत- डॉ. गोपाल बन गोस्वामी, संस्थापक- श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
रिसेप्शन-7224896496, 9981086769


उपलब्ध सुविधाएं-
24×7 डॉक्टर उपलब्ध
प्रसव सुविधा नॉर्मल डिलीवरी के साथ
ऑपरेशन सुविधा
E.C.G. सुविधा उपलब्ध
बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण
प्रतिदिन टीकाकरण
सभी प्रकार की सर्जरी परामर्श एवं सर्जरी सुविधा उपलब्ध
छोटे बच्चों को भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध सुविधा
हड्डी रोग संबंधी सभी प्रकार के इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
हाइड्रोसील, हर्निया, पथरी संबंधी इलाज एवं ऑपरेशन
महिला नसबंदी की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे की सुविधा
एम्बुलेंस की सुविधा
बच्चों से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
24×7 पैथलैब
24×7 मेडिकल सुविधा उपलब्ध
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण का 24वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरि कृष्णा केयर हॉस्पिटल कटघोरा
मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर
आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज
डॉ. कृष्ण कुमार कंवर
MBBS, MS
हरि कृष्णा केयर हास्पिटल
HARI KRISHNA CARE HOSPITAL
पता-कोरबा रोड कटघोरा जिला कोरबा छ.ग., मो.-9981596800, 7987880663


TRILOKI PUBLIC SCHOOL KATGHORA
CBSE Affiliation No. 3330491
ADMISSION OPEN
FOR 2024-25
Play Group to Class 12
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24वें स्थापना दिवस
की शुभकामनाएं...
AVAILABLE
TRANSPORTATION
Katghora, NTPC, Darri, Banki Mongra
Chaitma, Jatga, Bango & etc
First CBSE School in Katghora
SUBJECT OFFER
Science
Commerce
Play Group to UKG
Block A : Industrial Area,
Katghora District Korba (C.G.)
Mob : 9685935777
Classes 1st to 12th
Block B : Barbhata, Lakhanpur
Road, Kasaniya, Katghora District
Korba (C.G.) Mob : 7224903339
For Admissions Call: +91 7224903339
♦ Innovative Curriculum ♦ Creative Experiential Learning ♦ State of the Art Infrastructure
♦ Well-equipped Science & Computer Laboratories ♦ Cultural Activity Rooms
♦ Co-Curricular, Sports Music, Art & Craft. ♦ Indoor and Outdoor Sports ♦ Activity Centres

